नैक **(NAAC)** द्वारा **'A'** ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय में परीक्षा पे चर्चा का आयोजन
प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किया संबोधित

वर्धा, 20 जनवरी 2020 : प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार 20 जनवरी को नई दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में 'परीक्षा पे चर्चा 2020' के इस वर्ष के संस्करण में भारत के साथ-साथ विदेश के विद्यार्थियों के साथ भी संवाद किया। इस चर्चा के सीधे प्रसारण को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में दिखाया गया। गालिब सभागार में प्रात: 11.00 बजे से प्रसारित इस चर्चा के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल, प्रतिकुलपति द्वय प्रो.

हनुमान प्रसाद शुक्ल एवं प्रो. चंद्रकांत रागीट, कार्यकारी कुलसचिव कादर नवाज़ ख़ान सहित अध्यापक, अधिकारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बडी संख्या में उपस्थित थे। परीक्षा पे चर्चा का यह तीसरा आयोजन था। इस अवसर पर माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ चर्चा की तथा परीक्षा के दौरान तनाव को कम करने को

लेकर महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये।

जीवन के हर क्षेत्र में तनाव मुक्त रहने के बारे में प्रधानमंत्री से बहुमूल्य सुझाव मिलने के बाद

विद्यार्थी रोमांचित हो गए। इस संवाद कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने ऐसे अनेक विषयों पर प्रधानमंत्री से मार्गदर्शन करने का अनुरोध किया जो उनकी दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण थे। भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने ‘परीक्षा पे चर्चा 2020’ कार्यक्रम का आयोजन किया। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल ‘निशंक’, मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री श्री संजय धोत्रे, मानव संसाधन विकास मंत्रालय में सचिव श्री अमित खरे और मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

चर्चा के दौरान प्रधान मंत्री मोदी ने पाठ्येतर गतिविधियों और अध्ययन में संतुलन स्थापित करना, शिक्षा में प्रौद्योगिकी का महत्व, अधिकार बनाम कर्तव्य, दबाव एवं माता-पिता तथा शिक्षकों की उम्मीदों से कैसे निपटें, भविष्य में कैरियर के विकल्प आदि विषयों पर भी विद्यार्थियों से संवाद किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल ‘निशंक’ ने कहा कि लगभग 1000 विश्वविद्यालयों, 40 हजार से अधिक डिग्री कॉलेजों, 16 लाख स्कूलों, एक करोड़ शिक्षकों, 33 करोड़ छात्रों के साथ भारत विश्वभर में सबसे बड़ी शैक्षिक प्रणालियों में शामिल हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने देशभर के सभी छात्रों को समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से अनेक कदम उठाये हैं। उन्होंने परीक्षाओं के कठिन दिनों में छात्रों में आत्म विश्वास जागृत करने तथा चुनौतीपूर्ण वातावरण में उनका तनाव कम करने के उद्देश्य से उनके लिए समय निकालने को लेकर प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

विश्वविद्यालय के गालिब सभागार में चर्चा के सीधे प्रसारण को दिखाने की व्यवस्था लीला विभाग के प्रभारी गिरीश पाण्डेय ने की तथा उन्हें डॉ. हिमांशु नारायण, अजय कुमार, सचिन,राजदीप राठौर आदि ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत विश्वविद्यालय में ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट से आए विद्यार्थियों के साथ नोडल अधिकारी डॉ. सौरभ गुप्ता एवं अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।